टेडेक्स आईआईएम रांची : 11 दिसंबर को केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी सहित 10 स्पीकर्स लेंगे भाग

क्षेत्र के प्रभावशाली व मेधावी अतिथि विभिन्न विषयों पर विचार रखेंगे

सिटी रिपोर्टर . रांची

आईआईएम रांची में 11 दिसंबर को टेडेक्स आठवें संस्करण का आयोजन होने वाला है, जिसमें विभिन्न क्षेत्र के जाने-माने लोग स्पीकर के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम का थीम सिक्के का तीसरा पक्ष (थर्ड साइड ऑफ द क्वाइन) रखा गया है। जो जीवन के विशिष्टता और सुंदरता को दर्शाता है। आयोजकों के अनुसार सिक्के का तीसरा पहलू उन लोगों को दर्शाता है, जो दूसरों से अलग काम करके अलग खड़े हैं। यह उनको दर्शाता है, जिन्होंने यह दिखाया है कि जीवन में हार और जीत के अलावा भी और बहुत कुछ है। इसमें अपने-अपने क्षेत्र के प्रभावशाली और मेधावी अतिथि विभिन्न विषयों पर विचार रखेंगे।

इस बार का थीम... थर्ड साइड ऑफ द क्वाइन, एक स्पीकर 15 से 20 मिनट रखेंगे अपनी बात

इस कार्यक्रम में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति जुबिन ईरानी, पद्मश्री पुरस्कार विजेता व इंडियन क्लासिकल डांसर डॉ. आनंद शंकर जयंत, फेमिना मिस इंडिया-2018 की पहली रनर-अप और भारतीय अभिनेत्री मीनाक्षी चौधरी, पद्मश्री उद्धव कुमार भराली, भारतीय पैरा तैराक और 2018 की इंडियन ओपन पैरा स्विमिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक विजेता मोहम्मद शम्स आलम शेख, आईएएस श्रृष्टि जयंत देशमुख व डॉ. नागार्जुन बी गौड़ा, माइक्रोसॉफ्ट इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर और कॉर्पोरेट वाइस प्रेसिडेंट राजीव कुमार और 2015 के बेस्ट इंडियन शेफ ऑफ द ईयर और सेलेब्रिटी शेफ विकी रत्नानी उपस्थित रहेंगे।

तैयारी में लगी है 60 स्टूडेंट्सों की टीम : कोविड के कारण पिछले साल आईआईएम रांची में टेडएक्स नहीं हो पाया था। इस वर्ष यह कार्यक्रम ऑफलाइन मोड पर होगा, जो कॉलेज के नए कॉम कैम्पस के ऑडिटोरियम में आयोजित किया जाएगा। इसके सफल आयोजन के लिए कॉलेज के विभिन्न विभागों के 50 से 60 स्टूडेंट्स की टीम काम कर रही है। जो अलग अलग काम देख रहे हैं। स्टूडेंट्स इसके आयोजन के लिए काफी उत्साहित भी हैं।

Danik Bhaskar, 30.11.2021, Pg. 04